कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा , राजस्थान बीकानेर

Email:- direleshaladarshan@gmail.com

अन्तिम स्मरण पत्र – अति आवश्यक

क्रमांकः–शिविरा/प्रारं/शाला दर्शन/ए/19401/उत्कृवि/वो–3/2018–19/400 दिनांकः– 05.02.19

1– मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान समस्त

2– जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी समस्त

विषयः– 30 से कम नामांकन वाले उत्कृष्ट विद्यालयों के नामांकन के भौतिक सत्यापन उपरांत सूचना भिजवाने के संबंध में।

प्रसंगः–इस कार्यालय का पत्रांकःशिविरा/प्रारं/शाला दर्शन /ए/19401/उत्कृवि/ वो–3/2018–19/एल–1 दिनांक 15.10.2018 एवं समसंख्यक पत्रांकः 292 दिनांकः 15.11.18, निदेशालय में आहूत बैठक दिनांक 25 एवं 26 अक्टूबर, 2018 तथा बैठक दिनांकः 24 एवं 25 दिसम्बर, 2018 में प्रदत्त निर्देश एवं पत्रांकः–शिविरा/प्रारं/शालादर्शन/सी/19436/शा.द. अपडेशन/2016–17/373 दिनांकः 24.12.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उत्कृष्ट एवं आदर्श विद्यालय संयुक्त पी.एम.यू. बैठक दिनांकः 11.07.18 में लिए गए निर्णय के अनुरूप 30 से कम नामांकन वाले उत्कृष्ट विद्यालयों को रिव्यू किये जाने के क्रम में इस कार्यालय के प्रसंगांकित पत्रों एवं समय–समय पर दिए गए दिशा–निर्देशों के द्वारा आपको बार–बार निर्देशित कर 30 से कम नामांकन वाले विद्यालयों के नामांकन का भौतिक सत्यापन कर ऐसे समस्त उत्कृष्ट विद्यालयों की सूची निर्धारित प्रारूप में मय वांछित प्रमाण–पत्र चाही गई थी, किन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि इतने पत्राचार के बावजूद मात्र कोटा एवं नागौर जिले से ही इस कार्यालय को प्राप्त हुई है, जिसमें भी कोटा जिले से प्राप्त सूचना में वांछित प्रमाण–पत्र का अभाव है।

उच्चाधिकारियों द्वारा उक्त बैठक में लिए गए निर्णय की पालना चाही जा रही है। अतः अब अन्तिम बार स्मरण करवाकर लेख है कि **आज ही** उक्त सूचना निर्धारित प्रपत्र में मय वांछित प्रमाण–पत्र इस कार्यालय के ईमेल पते direleshaladarshan@gmail.com पर भिजवावें। अब आपकी सूचना प्राप्त नहीं होने की स्थिति में शाला दर्शन पोर्टल पर उक्त विद्यालयों के प्रदर्शित नामांकन को ही आपके स्तर से भौतिक सत्यापित मानकर सूची श्रीमान आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर को भिजवा दी जावेगी तथा इसके उपरांत उत्पन्न किसी भी प्रतिकूल स्थिति के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

अतिरिक्त निदेशक(शैक्षिक)
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

Email:- direleshaladarshan@gmail.com

अन्तिम स्मरण पत्र – अति आवश्यक

कमांकः–शिविरा/प्रारं/शाला दर्शन/ए/19401/उकृवि/वो–3/2018–19/401 दिनांकः– 05.02.19

1– जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी समस्त

विषयः– उत्कृष्ट विद्यालयों के श्रेणी निर्धारण के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांकःशिविरा/प्रारं/शाला दर्शन /ए/19401/उकृवि/ वो–3/2018–19/19 दिनांक 25.07.2018 निदेशालय में आहूत बैठक दिनांक 25 एवं 26 अक्टूबर, 2018 तथा बैठक दिनांकः 24 एवं 25 दिसम्बर, 2018 में प्रदत्त निर्देश एवं पत्रांकः –शिविरा / प्रारं / शालादर्शन/सी/19436/शा.द.अपडेशन/2016–17/373 दिनांकः 24.12.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि श्रीमान राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर द्वारा आदर्श विद्यालय केअनुरूप ही उत्कृष्ट विद्यालयों को निर्धारित पैरामीटर्स के अनुसार ए.बी. सी. डी में वर्गीकृत करने संबंधी निर्देश प्रदान किये जाने के कम में इस कार्यालय के प्रसंगांकित पत्रों एवं समय–समय पर दिए गए दिशा–निर्देशों के द्वारा आपको बार–बार निर्देशित कर आपके अधीनस्थ समस्त उत्कृष्ट विद्यालयों के श्रेणीकरण उपरांत निर्धारित प्रारूप में सूचना चाही गई थी, किन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि इतने पत्राचार के बावजूद मात्र कोटा जिले से ही सूचना इस कार्यालय को प्राप्त हुई है।

उच्चाधिकारियों द्वारा उक्त संबंध में पालना चाही जा रही है। अतः अब अन्तिम बार स्मरण करवाकर लेख है कि **आज ही** उक्त सूचना निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय के ईमेल पते direleshaladarshan@gmail.com पर भिजवावें। अब आपकी सूचना प्राप्त नहीं होने की स्थिति में किसी भी प्रतिकूल स्थिति के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

अतिरिक्त निदेशक(शैक्षिक)
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

कमांकः–शिविरा/प्रारं/शाला दर्शन/ए/19401/उकृवि/वो–3/2018–19/ दिनांकः– 05.02.19

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1– निजी सचिव, निदेशक महोदय, कार्यालय हाजा।

2– मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान समस्त को प्रेषित कर लेख है कि अपने अधीनस्थ जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय), प्रारंभिक शिक्षा को पाबन्द कर उक्त सूचना अविलम्ब इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

अतिरिक्त निदेशक(शैक्षिक)
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

dir/ele/shaladarshan/A/PY/new/406